## खबर संक्षेप

### युवक को अगवा कर मारपीट और नशीली चीज खिलाने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने और नशीली चीज खिलाने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरी.रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुई। फरियादी सनत कुशवाहा (उम्र 23 वर्ष,निवासी चोरमरी,हाल सर्किट हाउस) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मारुती नगर रेलवे फाटक के पास गया था। वहां उसकी पहचान के अमन रावत,आशीष चौधरी,व यशू शुक्ला मिले। पुराने झगड़े को लेकर उन्होंने उससे पैसे की मांग की। पैसे न देने पर सभी ने मिलकर उसे उठाया और व्यंकटेश मंदिर ले आए। पीड़ित के अनुसार,आरोपियों ने उसे जबरदस्ती नशीली चीज खिला दी,जिससे उसे चक्कर आने लगा। इसके बाद उन्होंने अश्लील गालियां देते हुए पैसों की मांग की और मारपीट की। हल्ला-गुहार करने पर रोहित व सौरभ मिश्रा ने बीच-बचाव किया,जिसके बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अपराध दर्ज किया और आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की। अलग-अलग स्थानों से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। निकेश शर्मा पिता विनोद शर्मा उम्र 24 वर्ष,निवासी पुष्पराज कालोनी,सतना अमन कुमार कोल पिता देवलाल कोल उम्र 23 वर्ष,निवासी सोहरबा,हाल खेरमाई रोड सतना,यश शुक्ला उर्फ यसू शुक्ला पिता रामबाबू शुक्ला उम्र 22 वर्ष,निवासी मुख्तियारगंज,सतना रोहित उर्फ अभिषेक वर्मा पिता शिवकुमार वर्मा (उम्र 22 वर्ष,निवासी मुख्तियारगंज,सतना आशीष रावत पिता राजमन रावत उम्र 22 वर्ष,निवासी बिरसिंघपुर देवरा,सभापुर है।

### पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का मैहर आगमन, भव्य स्वागत

**मैहर।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री उमा भारती के मैहर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अखिल भारतीय वनवासी विकास परिषद के जिला हित रक्षक प्रमुख और भाजपा नेता नागेंद्र सिंह करमऊ के नेतृत्व में यह स्वागत किया गया। इस अवसर पर नागेंद्र सिंह करमऊ ने उमा भारती को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया और संगठन के विषय में भी चर्चा की। उमा भारती ने नागेंद्र सिंह करमऊ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह हमेशा खुशहाल रहें और सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहें। उन्होंने करमऊ को आगामी जिला पंचायत में जीत का भी आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जीतेंद्र,उर्मिला,कुंवर शिष्य सिंह बघेल,रामखेलावन लोधी,और बीरेंद्र विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### उपभोक्ता संरक्षण एवं सलाहकार समिति की मैहर जिला इकाई का गठन

**मैहर।** मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त उपभोक्ता संरक्षण एवं सलाहकार समिति की मैहर जिला इकाई का गठन विगत दिवस प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव की सहमति से किया गया। इसमें नीरज गर्ग को जिला प्रभारी और शशांक श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। समिति का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करना है,और इसके लिए जल्द ही कार्यालय का शुभारंभ किए जाने की संभावना है। जिला अध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा,जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं की शिकायतों को संकलित करके संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाते हुए निराकरण किया जाएगा।जिला प्रभारी नीरज गर्ग ने कहा कि नगर में मिलावटखोरी की खबरों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को सूचित करना समिति का कार्य होगा।

## त्योहारी सीजन में सोने-चांदी की कीमतों में मनमानी बढ़ोतरी: हस्तक्षेप की मांग की

# कालाबाजारी की आशंका, सतना के सराफा बाजार में भी गड़बड़ी की शिकायतें

**देश भर में त्योहारी मौसम के आते ही सोने और चांदी के बाजार में कीमतों को लेकर मची लूट पर अब उपभोक्ता संगठनों ने कड़ा रुख अपनाया है। कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ने इस संबंध में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग को एक गंभीर पत्र भेजकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।**

सतना।




कॉन्फेडरेशन ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि बाजार में उपभोक्ताओं से सोने और चांदी की मनमानी कीमत वसूली जा रही है,जो कि वास्तविक अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू कीमतों से 15 से 20 प्रतिशत तक अधिक हैं। उपभोक्ता संगठनों का मानना है कि यह मनमाना मूल्य निर्धारण महज एक सामान्य व्यापारिक उतार-चढ़ाव नहीं है,बल्कि यह संगठित कालाबाजारी का परिणाम हो सकता है। कॉन्फेडरेशन ने आशंका व्यक्त की है कि त्योहारी मौके का लाभ उठाने के लिए कुछ व्यापारी जान बूझकर चांदी और सोने की कृत्रिम कमी दिखाकर बाजार में कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे मुनाफाखोरी चरम पर है। इस स्थिति से आम उपभोक्ता को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संगठन ने केवल सरकार से ही नहीं,बल्कि आम उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे इस कालाबाजारी को बढ़ावा न दें। कॉन्फेडरेशन ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अनावश्यक रूप से अधिक कीमत देकर सोना और चांदी न खरीदें,जिससे बाजार में कृत्रिम मांग और कालाबाजारी को प्रोत्साहन न मिले। इसके अतिरिक्त,कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ने एक और दुर्भाग्यपूर्ण पहलू पर ध्यान आकर्षित किया है,वह है सोने-चांदी की खरीद और बिक्री के भावों में अत्यधिक और अनुचित अंतर। उनका कहना है कि इस भारी अंतर के चलते जब कोई उपभोक्ता अपनी पुरानी ज्वैलरी बेचने जाता है,तो उसे भारी नुकसान पहुंचता है,जबकि नई खरीद पर उसे पहले से ही अधिक मूल्य चुकाना पड़ रहा होता है।

### सतना में सराफा कारोबार पर संदेह के बादल

इस राष्ट्रव्यापी शिकायत के बीच,मध्यप्रदेश के सतना जिले का सराफा बाजार भी लगातार संदेह के घेरे में रहा है। सतना रेलवे स्टेशन पर कई बार अवैध रूप से लाई और ले जाई जा रही भारी मात्रा में चांदी पकड़ी जा चुकी है,जो अवैध कारोबार की ओर इशारा करती है। इसके अलावा,यहां के सराफा बाजार में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतें इतनी गंभीर रही हैं कि दूसरे शहर और राज्यों की पुलिस भी समय-समय पर छापा मार कार्रवाई करती रही है। स्थानीय सूत्रों और जानकार लोगों का कहना है कि चांदी के कारोबार से जुड़े कुछ प्रमुख लोगों ने अपने संदिग्ध व्यापार को बचाने और पुलिस तथा प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए राजनीतिक कवच की शरण ली हुई है। यह आरोप है कि ऐसे प्रभावशाली लोगों पर फिलहाल किसी भी नियामक या जांच एजेंसी की सीधी नजर नहीं है, जिसके कारण अवैध गतिविधियों को अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण मिल रहा है। यह मुद्दा भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है,जिसे त्योहारी सीजन में आम जनता को राहत देने और कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए तत्काल कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं का हित सर्वोपरि होना चाहिए और मनमाने मूल्य निर्धारण को तुरंत नियंत्रित किया जाना चाहिए।

# शहर में 'आवासीय क्षेत्रों' में पटाखों का अवैध भंडारण, सुरक्षा को गंभीर खतरा




सतना।

शहर में दीपावली पर्व से ठीक पहले पटाखों का अवैध भंडारण तेजी से बढ़ गया है, जिससे जिले के आवासीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सख्त प्रशासनिक इंतजामों और दावों के बावजूद,जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है,और बड़ी मात्रा में ज्वलन शील सामग्री रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से जमा की जा रही है। शहर के विभिन्न घनी आबादी वाले क्षेत्रों में चोरी-छिपे पटाखों के अवैध गोदाम संचालित हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,न केवल पटाखों का भंडारण किया जा रहा है,बल्कि कई स्थानों पर तो बिना किसी अनुमति और सुरक्षा मानकों के अवैध रूप से इनका निर्माण भी हो रहा है। यह स्थिति किसी भी समय एक बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। विशेष रूप से सतना के सिटी कोतवाली और कोलगवा थाना क्षेत्रों में यह अवैध कारोबार जोरों पर है। इन थाना क्षेत्रों के अंतर्गत कई संकरे और घनी आबादी वाले हिस्सों में अवैध रूप से पटाखों के गोदाम बनाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रशासन की ढिलाई के चलते ये कारोबारी बेखौफ होकर यह खतरनाक धंधा चला रहे हैं। इसके अतिरिक्त,शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र,नारायण तालाब के सामने,दीपावली के लिए पटाखों का बाजार लग रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस ने हर वर्ष दीपावली से पहले अवैध भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने का दावा किया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने कड़े निर्देश जारी करने की बात कही थी,लेकिन अवैध गोदामों की बढ़ती संख्या इस बात का स्पष्ट संकेत है कि ये दावे केवल कागजों तक ही सीमित हैं। अब आवश्यकता है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से इन अवैध ठिकानों पर छापेमारी कर इन्हें सील करे और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं जानमाल के खतरे को देखते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करे,ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

### मेरा केस वापस ले लो, नहीं तो किसी दिन जान से मार दूँगाधमकी और मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने एक महिला फरियादी को न्यायालय का केस वापस लेने के लिए धमकी देने और मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरी.रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में की गई। फरियादिया रामबाई चौधरी पति दिनेश चौधरी ने थाना आकर रिपोर्ट दी कि आरोपी जय किशन चौधरी उर्फ लाला चौधरी पिता चंद्रिका प्रसाद चौधरी,निवासी बजरहा टोला ने पहले भी उनके साथ मारपीट की थी,जिस पर सिटी कोतवाली थाने में अपराध क्र. 37/25 दर्ज है। इसी पुराने मामले के चलते,आरोपी जयकिशन उर्फ लाला चौधरी ने बाजार में सब्जी लेते समय फरियादिया से मुलाकात की।आरोपी ने अश्लील गालियां देते हुए धमकी दी कि मेरा केश वापस ले लो,नहीं तो किसी दिन जान से मार दूँगा। फरियादिया की रिपोर्ट पर तुरंत अपराध दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस ने हरसंभव प्रयास कर आरोपी जयकिशन उर्फ लाला चौधरी को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय के समक्ष पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।















## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में टीवी मरीजों के पोषण आहार का किया गया वितरण



**अमानगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्माकी प्रेरणा से प्रेरित होकर रोगी कल्याण समिति सदस्य प्रशांत अज्जू छिरोल्या एवं समाजसेवी साथियों की अगवाई में 15 टीवी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित की गई, निश्चित रूप से टीवी मरीजों के लिए पोषण आहार के वितरण की इस पहल से समाज में युवाओं को समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर जयपाल अहिरवार पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र दुबे मंडल उपाध्यक्ष राजदीप गोस्वामी समाजसेवी चंदन पाठक रामू रावत पत्रकार अमित दुबे और अस्पताल विभाग से रविकांत दहायत लेखपाल रामशरण तिवारी एवं समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही।

### कुएं में डूबने से 3 वर्षीय बालक की मौत



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बांधी ग्राम में एक हृदय विदारक घटना गुरुवार की दोपहर लगभग दो से तीन बच्चों के बीच सामने आई है, जिसमें एक तीन वर्षीय आदिवासी बालक की दर्दनाक कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना के विषय में फरियादी दीपलाल निवासी बंधी कला ने अमानगंज पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मेरा पुत्र दीपक पिता दीपलाल उम्र 3 वर्ष खेल रहा था और खेलते वक्त खेत वाले घर के पास कुएं के पास चला गया और कुएं में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची अमानगंज पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के सदमे में महिला की मौत



### परिजनों ने दोषियों पर कार्यवाही को लेकर सड़क किनारे शव रखकर कर किया प्रदर्शन

**गुनौर।** नगर में कुछ दिन पूर्व हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब एक दर्दनाक मोड़ ले चुकी है, कार्रवाई के दौरान सदमे में आई एक महिला की देर रात इलाज के दौरान बिरला अस्पताल सतना में मौत हो गई। महिला की मौत की खबर लगते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया, गुस्साए परिजनों ने महिला के शव को सड़क किनारे रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, प्रदर्शनकारियों ने मृतका को न्याय दिलाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है मृतक महिला पुष्पा श्रीवास्तव ने कलेक्टर पन्ना को आवेदन दे कर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर दोषपूर्ण कार्यवाही के आरोप लगाते हुए एफआईआर की मांग की थी परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने की बात कही यह भी आरोप लगाया है कि मृतिका का मकान पुस्तैनी था उसका प्रकरण उच्च न्यायालय में प्रचलन में था जिसका रिकॉर्ड भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया परन्तु न तो रिकॉर्ड देखा न ही किसी प्रकार की बात सुनी गई, मृतिका के पति सहित परिजनों ने तहसीलदार पटवारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर भी गंभीर आरोप लगाए है जो जांच का विषय है, मौके पर गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने पहुंच कर लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, वहीं नगर में तनाव का माहौल बना रहा, हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। वहीं परिजनो का आरोप है कि कुछ दिन पहले नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसके दौरान महिला पर गहरा मानसिक आघात पहुंचा था। तब से वह सदमे में थी और आज देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया, फिलहाल पुलिस प्रशासन ने परिजनों एवं उपस्थित जनों से बातचीत कर दोषियों पर जांच उपरान्त कार्यवाही करने के आश्वासन पर परिजनो ने प्रदर्शन समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार किया।



## पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड के टूटे गेट ने बढ़ाई सुरक्षा की चिंता



**पन्ना।** पोलीटेक्निक के टूटे गेट ने बढ़ाई सुरक्षा चिंता, नगर पालिका ने नहीं दी सुधर की फिक्रपन्ना। शा स की य पोलीटेक्निक पन्ना के खेल मैदान का बीच का गेट 30 सितम्बर 2025 को संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दौरान टूट गया था। जानकारी के अनुसार, यह हादसा नगर पालिका के ड्राइवर द्वारा असावधानीपूर्वक ट्रैक्टर चलाने से चालित शौचालय के खेल मैदान की दीवार से टकराने के कारण हुआ।गेट टूटने के बाद से खेल मैदान में असामाजिक तत्व रात के समय बैठने लगे हैं। आसपास के कन्या छात्रावास, बालक छात्रावास और रिहायशी क्वार्टर में रहने वाले लोग भय और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। छात्रावास के विद्यार्थियों ने बताया कि ये लोग पानी पीने के लिए जबरन छात्रावास में घुस आते हैं और रोकने पर गाली-गलौज करते हैं।संस्था प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि घटना के दिन ही तात्कालिक कलेक्टर सुरेश कुमार को फोटो सहित सूचना दी गई थी, जिसके बाद कलेक्टर ने सीएमओ नगर पालिका को गेट सुधारने के निर्देश भी दिए थे। नगर पालिका ने कर्मचारी भेजकर निरीक्षण कराया था, जिसने गेट को नए सिरे से बनाने की जरूरत बताई। लेकिन हादसे को पंद्रह दिन बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।प्राचार्य ने कहा कि यदि नगर पालिका लिखित रूप से मना कर दे, तो संस्था स्वयं आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि "दोनों ओर छात्रावास और रिहायशी इलाके हैं, इसलिए सुरक्षा के लिए गेट का शीघ्र सुधार आवश्यक है।"

## चार माह से वेतन न मिलने पर आयुष विभाग पन्ना के आउटसोर्स कर्मचारी परेशान

**पन्ना।** आयुष विभाग पन्ना के अंतर्गत आउटसोर्स एजेन्सी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है। लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों में गहरी नाराज़गी और निराशा व्याप्त है। आर्थिक संकट के चलते अधिकांश कर्मचारी अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।कर्मचारियों का कहना है कि विभाग द्वारा कई बार वेतन जारी करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ। दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार पर भी उनके घरों में खुशियाँ फीकी पड़ने की आशंका है। लगातार चार माह से वेतन न मिलने से कई कर्मचारियों को उधारी और कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। कर्मचारीयों ने बताया कि ष्हम सभी कर्मचारी ईमानदारी से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, परंतु पिछले चार माह से हमें वेतन नहीं मिला है। हमारी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई कर्मचारियों के घरों में त्योहार मनाने तक के पैसे नहीं हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र वेतन भुगतान की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हम आंदोलन करने को विवश होंगे। कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि दीपावली से पहले वेतन भुगतान सुनिश्चित कर कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाए।

## प्रांताध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव अपाक्स के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा की टीम ने कलेक्टर को किया स्वागत



**पन्ना।** नवागत पन्ना कलेक्टर कादिनांक 16 अक्टूबर 2025 को प्रांत अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव अपाक्स के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा की टीम में सम्मिलित सभी कर्मचारी संगठनों के अध्यक्षों ने स्वागत किया। साथ ही कलेक्टर महोदय ने भरोसा दिलाया कि जिले के समस्त कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करना हमारा आपका उद्देश्य है। कलेक्टर महोदय ने कहा है कि सभी विभागों में प्रत्येक की माह में कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन आवश्यक रूप से कराए जाने के निर्देश जारी किए जाएंगे एवं संगठनों को भरोसा दिलाया कि आप कभी भी कर्मचारियों की समस्याओं हेतु मिल सकते हैं स इस अवसर पर आर.डी. चैरसिया लिपिक वर्गीय संघ बीपी परोहा शासकीय तृतीय वर्ग संघ राजेश चैरहा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संगठन आर.पी.प्रजापति अजसक्स संघ विमल यादव कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष पटवारी संघ महीप रावत बन कर्मचारी संघ कमलेश कुमार त्रिपाठी प्रांतीय महामंत्री मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस रामेश्वर खरे प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन सलीम खान स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी महासंघ राज किशोर शर्मा अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस अशोक पांडे लघु वेतन संघ लखन अग्रवाल ओएसकलेक्ट्रेट सतेंद्र सिंह परिहार राजपत्रित अधिकारी शिव मोहन सिंह अपसक्स संघ आलोक खरे पूर्व जिला अध्यक्ष संयुक्त मोर्चाराज किशोर शर्मा महामंत्रीसंयुक्त मोर्चा जिला शाखा पन्ना मुख्य रूप से शामिल रहे।

## मदन साहू बने माइनिंग इंस्पेक्टर

# लगातार कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में कार्य से हर मुकाम संभव-मदन साहू

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पांचवां स्थान हासिल कर लहराया परचम



**पन्ना।** पन्ना की रत्नगर्भा धरती हीरे ही नहीं बल्कि प्रतिभा रुपी हीरे देने के लिए भी जानी जाती है। इसका एक और उदाहरण पन्ना जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम इटवां खास से देखने मिला है। जहां के निवासी मदन साहू पिता श्री चिरौंजी लाल साहू ने खनि निरीक्षक माइनिंग इन्स्पेक्टर के पद पर चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी माताजी श्रीमती चंदा साहू, बड़े भाई संतोष कुमार व छोटे भाई लखन है। उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 15 अक्टूबर, 2025 को खनि निरीक्षक के जारी अंतिम चयन परिणाम की मुख्य सूची में पांचवां स्थान हासिल कर, खुद का ही नहीं बल्कि जिले का भी परचम लहराया है।

विदित है कि खनि निरीक्षक राज्य शासन के खनिज साधन विभाग के अंतर्गत नियुक्त किए जाते है, जो खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम सहित खदानों व खनिजों से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाते है। मदन वर्तमान में डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्यावहारिक भूविज्ञान विभाग में पीएच. डी. शोधार्थी हैं। उन्होंने हाई स्कूल शिक्षा शासकीय हाई स्कूल इटवां खास व हायर सेकेण्डरी शिक्षा शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बृजपुर से पूर्ण करने के बाद, स्नातक शिक्षा शासकीय महाराजा महाविद्यालय छतरपुर तथा स्नातकोत्तर शिक्षा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर से उत्तीर्ण की। तत्पश्चात उन्होंने मध्यप्रदेश स्टेट आई टी सेंटर-मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड एमपीएसईडीसी, भोपाल में जीआईएस एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत रहते हुए, सीएसआईआर नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया रैंक 96 हासिल करने के साथ ही 2023, 2024 व 2025 में लगातार तीन वर्ष गेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह सफलताएं बिना किसी कोचिंग के, स्व-अध्ययन से हासिल की हैं। उनका कहना है कि लगातार कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में कार्य करके हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारजनों, शिक्षकों और मित्रों को देते हुए, उनके अमूल्य सहयोग व मार्गदर्शन के लिए, सभी का आभार जताया। वहीं इस सफलता को लेकर परिवार खुशियों से भर उठा है और शुभेच्छुओं द्वारा बड़ी संख्या में शुभकामनाएं दी जा रहीं हैं।

### पिता ने बकरी के व्यापार से बालक को दी उच्च शिक्षा

मदन कुमार साहू बालकल से ही होनहार बालकों में से एक थे। जिनकी प्रतिभा को उनके गुरुजनों द्वारा पहचान लिया था। जिसको लेकर उनके पिता चिरौंजी लाल साहू द्वारा बकरी का पालन करते हुए अपने बालक मदन कुमार साहू की पढ़ाई लिखाई में पूरा सहयोग देते थे और कभी भी पढ़ाई में उनको अर्थ का अभाव महसूस नहीं होने दिया। जब चिरौंजी लाल साहू को जानकारी प्राप्त हुई की उनका बेटा मीईनिंग इंस्पेक्टर की परीक्षा पास कर चुका है और मीईनिंग इंस्पेक्टर बन गया है तब उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। मदन कुमार साहू की उपलब्धि पर पन्ना जिले के उन गरीब बच्चों को उत्साह वर्धन मिलेगा जो बच्चे गरीबी के कारण बड़ा मुकाम हासिल नहीं कर पाते हैं।प्रत्येक माता-पिता को चाहिए कि अपने बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।



## गुनौर अस्पताल का बी.एम.ओ. तिवारी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**गुनौर।** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आशीष तिवारी ने आज गुनौर के सरकारी अस्पताल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया जिसमें विभिन्न वार्डो में जाकर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन की समुचित प्रबंधन के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती मरीजों से एवं डाक्टर ओंकार नाथ राय, एवं अन्य डाक्टरों की मेडिशन व्यवस्था की की तारीफ की। महिला स्वास्थ्य अधिकारियों सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की उचित व्यवस्था की तारीफ की? बीमारी की जांच करने वाली यूनिट में जाकर अधिकार संधारण के बारे में जब निरीक्षण किया तो माह जनवरी से अब तक का रिकॉर्ड संधारण नहीं पाए जाने पर नाराजगी भी जाहिर की! डॉक्टर आशीष तिवारी ने ताक़ीद देते हुए कहा कि रिकॉर्ड का संधारण एवं उचित व्यवस्था हमेशा बनी रहे साफ सफाई एवं मरीज की देखभाल का उचित प्रबंध किया जाए किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। डॉक्टर आशीष तिवारी पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहने की उपरांत अस्पताल की बेहतर व्यवस्थाओं के बारे में उचित प्रबंधन के बारे में जानें जाते है, एवं वर्तमान समय में अच्छे अनुभवी चिकित्सकों की सेवा साक्षात्कार की प्रशंसा की।



## पन्ना में दर्दनाक सड़क हादसा; यात्री बस ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत



### गुस्साए लोगों ने किया चक्का जाम तहसीलदार की समझाइस के बाद शांत हुआ मामला

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर से गुनौर जा रही बुंदेला बस सर्विस क्रमांक-एमपी-20,पीए-9669 ने तिघरा मोड़ के पास बाइक सवार को बुरी तरह रौंद दिया इस घटना में बाईक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और लोगों को समझने का प्रयास किया करीब 2 घंटे के प्रदर्शन के बाद तहसीलदार की समझाइस के बाद मामला शांत हुआ।बताया जा रहा है कि बस तेज रफ्तार में थी और सामने से आ रही बाइक को रौंदते हुए आगे निकल गई। बताया जा रहा है बाइक सवार पंकज बागरी पिता नवल बागरी एग्रीकल्चर कॉलेज पन्ना के प्रोफेसर थे।

# 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता



### कलेक्टर ने जरूरी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 1 से 5 नवम्बर तक पन्ना में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खो-खो क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय खो-खो स्पर्धा में प्रदेश के 10 संभाग के खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। इस संबंध में जरूरी तैयारियों और आवश्यक प्रबंध के दृष्टिगत गुरूवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर सभी विभागीय अधिकारियों को समय पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रतियोगिता में 240 खिलाड़ी शामिल होंगे। खेल प्रशिक्षक एवं अन्य सहयोगी स्टॉफ भी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद रहेंगे।कलेक्टर ने बैठक के मौके पर खेल मैदान की तैयारी और खिलाड़ियों के ठहरने, परिवहन और भोजन व्यवस्था सहित सुरक्षा प्रबंध के संबंध में चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए पृथक-पृथक सही और उचित व्यवस्था हो। निर्धारित स्थल से खेल मैदान तक सभी खिलाड़ी सुविधापर्वूक पहुंचे। इसके लिए विभागवार कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर वॉलंटियर्स की तैनाती भी करें। प्रतियोगिता का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाए। क्रीड़ा स्थल पर पेयजल, चलित शौचालय और मेडिकल टीम की व्यवस्था की जाए। संबंधित अधिकारी प्रतियोगिता प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें। बैठक में उपस्थितजनों से आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रतियोगिता समापन उपरांत खेल मैदान की साफ-सफाई, महत्वपूर्ण फोन एवं हेल्पलाइन नंबर जारी करने, स्पोट्र्स रैली के आयोजन, शुभारंभ एवं समापन कार्यक्रम तथा बच्चों को पन्ना के स्थानीय मंदिरों का भ्रमण कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा कॉमन मेस में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका राज्य स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन पन्ना के पॉलीटेक्निक मैदान में होगा। इसके लिए संभागवार खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था छात्रावास और शैक्षणिक संस्थाओं में की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चैहान एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसपीएस बघेल सहित जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, डीपीसी अजय गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण, संस्था प्रमुख, खेल शिक्षक व छात्रावास अधीक्षक भी मौजूद रहे।



समस्त जिलेवासियों को धनतेरस, दीपोत्सव
एवं हरिभूमि जबलपुर संस्करण
के 17 वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाऍं
सौं - श्री सुनील शुक्ला
क्षेत्रीय परिवाहन अधिकारी
पन्ना

खबर संक्षेप

## दो पक्षों में हुई मारपीट, वायरल हुआ सीसीटीवी वीडियो



**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के लोधी कुईया इलाके में बीती रात दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक जा पहुंची। यह पूरी घटना पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों के बीच पहले बहस और गाली-गलौज होती रही और इसके बाद अचानक मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर तमाचे और लात घूंसे बरसाए। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि फिलहाल वायरल वीडियो की पड़ताल की जा रही है। मारपीट संबंधी कोई शिकायत अभी थाने में दर्ज नहीं हुई है।

## मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण



**छतरपुर।** सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों से मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। गुरुवार को विभागों की संयुक्त टीम द्वारा मेले का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान झूलों की सेफ्टी, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, फायर सेफ्टी, एंट्री-एग्जिट मार्ग और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। शुरुआती जांच में पाया गया कि कुछ झूले अतिरिक्त रूप से लगाए गए हैं, जिनमें उचित दूरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएसपी ने बताया कि नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी और एमपीईबी के माध्यम से प्रतिदिन सुरक्षा से जुड़ी रिपोर्ट ली जाएगी। झूलों को पूर्ण रूप से सुरक्षित कराकर ही संचालित कराया जाएगा, ताकि मेले में आने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सगे भाईयों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

**छतरपुर।** बमनौरा थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के चलते हुआ भीषण विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। विवाद की दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि घटना बमनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरिया की है, जहां गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे राम सिंह घोष और उसके भाई निरपत घोष के बीच पुरानी रंजिश के चलते विवाद शुरु हो गया। इस दौरान निरपत का समधी पप्पू घोष और पप्पू का पुत्र इन्द्रजीत भी विवाद में शामिल हो गए। दोनों पक्षों के बीच काफी समय तक झड़प होती रही और इसी बीच अचानक गोलियां चलने लगीं। एक गोली पप्पू घोषी को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि इन्द्रजीत भी गोली बारी में घायल हुआ। इसके अलावा दूसरे पक्ष का राम सिंह, उसका भाई झमोल सिंह और पुत्र राघवेन्द्र सिंह भी घायल हुए हैं। सीएसपी श्री सोनी ने बताया कि मृतक पप्पू घोष क्षेत्र के नामी बदमाश था, उसके विरुद्ध कई आपराधिक मामले भी दर्ज थे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मोहित राजपूत ने बताया कि गोली राघवेन्द्र सिंह के सिर में लगी है, जिससे उसकी हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद राघवेन्द्र को हायर सेन्टर रेफर किया गया है।

# नगर पालिका उपयंत्री की लापरवाही मेला जलबिहार में हुई उजागर, बड़ा हादसा टला

**छतरपुर।** जिले का प्रसिद्व मेला जलबिहार नगर पालिका की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते हमेशा किसी न किसी बात को लेकर शुर्खियों में रहता है। कभी दुकानों के आवंटन में भेदभाव तो कभी बसूली को लेकर चर्चा में रहा है। इस बर्ष जहां मेला अपनी सबाब में चल रहा है, वहीं बुधवार की रात को मेले में नगरपालिका के मेला प्रभारी की लापरवाही फिर उजागर हो गई, क्योंकि रात को जब झूले चल रहे थे और लोग उन झूलों में बैठकर झूल रहें थे। तभी जगह की कमी के चलते 2 झूले आपस में टकरा गये।

### 2 झूले आपस में टकराने से बड़ा हादसा टला, घटना के बाद पुलिस आई हरकत में

गनीमत यह रही कि झूले की जो पालकियां आपस में टकराई उनमें कोई बैठा नही था। अन्यथा एक बड़ा हादसा हो जाता और मेला जलबिहार फिर कलंकित हो जाता। घटना के दूसरे दिन जैसे ही इस बात की जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई, तो सीएसपी अरूण कुमार सोनी कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी,



सिविल लाईन टीआई संतीश सिंह मौके पर पहुंचे और जो झूले आपस में टकराए थे उनका निरीक्षण किया और झूला संचालकों से पूछताछ कर उनके पास मौजूद मोबाईल में बीडियो भी देखे। इस दौरान मेला प्रभारी नगर पालिका के उपयंत्री गोकुल प्रजापति और अंकित अरजरिया भी मौजूद रहे। वही मेले में दो झूलों की पालकियां आपस में टकराने की जानकारी लगने पर कलेक्टर ने गुरूवार की शाम को नगर पालिका के उपयंत्री और मेला प्रभारी गोकुल प्रजापति को तलब किया। जिला कलेक्टर ने उपयंत्री और मेला प्रभारी गोकुल प्रजापति को क्या निर्देश दिए इस संबंध मे जानकारी नही लग सकी। लेकिन कलेक्टर ने गुरूवार की शाम को इसी संबंध में चर्चा के लिए बंगले पर बुलाया था, वहीं इस संबंध में जब मेला प्रभारी गोकुल प्रजापति से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दो झूलों की पालकियां आपस में टकरा गई थी लेकिन कोई हादसा नही हुआ है। घटना के बाद ही दोनो झूला संचालकों को नोटिस जारी किए है। और उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कराया जा रहा है। आश्चर्य जनक बात तो यह है कि मेला को शुरू हुए एक हफ्ता बीत चुका है, और मेला इन दिनों अपनी चरमसीमा पर है। ऐसी स्थिति में झूला दूसरी जगह शिफ्ट कराए जाने की बात किसी की गले नही उतर रही है। यदि पहले ही जगह कि दूरी का ध्यान किया जाता, तो शायद इस तरह की स्थिति निर्मित ना होती। लेकिन जब जगह एलॉट की गई, तो नियमो को दरकिनार कर दिया गया और बीच की कम दूरी होने के बाद भी दोनो झूला संचालकों को जगह एलॉट कर दी गई। जगह आवंटित करते समय इस बात का ध्यान क्यों नही रखा गया, जहां दो बड़े झूले लगाए जाने की अनुमति दी गई थी वहीं इस संबंध में सीएमओ माधुरी शर्मा का कहना है कि वायरल बीडियो के आधार पर मुझे भी जानकारी लगी है। इसलिए मेला प्रभारी को भेजकर दोनो झूलों के बीच की दूरी को बढ़ा दिया गए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की घटना ना हो सकें।

# सरपंचों ने सौंपा 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**छतरपुर।** पंचायती राज व्यवस्था में सरपंचों को सुनियोजित तरीके से प्रताड़ित किए जाने के विरोध में गुरूवार को जिले के सरपंचों ने प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कौशिक का कहना है कि कई दिनों से वे अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई सुनवाई नहीं मिल रही। सरपंचों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सुनियोजित तरीके से विकास कार्यों को रोकने के लिए उपयंत्रियों की हड़ताल करवाई गई है।



सरपंचों ने बताया कि सब इंजीनियर स्वयं हड़ताल खत्म कर काम पर लौटना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें जबरन छुट्टी पर भेज रही है। इस दौरान सरपंचों ने ज्ञापन में कई अहम मांगें रखीं जिनमें उपयंत्रियों की हड़ताल वापस कराना, मनरेगा योजना को खत्म कर मजदूरी बाजार दर पर देना, ग्राम पंचायतों का एसओआर शहरी एसओआर के बराबर करना, पीएम आवास योजना में पुराने सर्वे को आधार बनाना, लाड़ली बहना योजना में वंचित बहनों के नाम जोडऩा, पशु शेड, मेढ़ बंधान, सुदूर सड़क और शांतिधाम जैसी योजनाएं लागू करना, पंचायत कर्मचारियों को साधारण नियंत्रण प्रदान करना, ग्राम पंचायतों में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाना, किसानों को खाद की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराना, शौचालय योजना का सर्वे कराना, धारा 40 के तहत सरपंचों को अपमानित करने की प्रक्रिया बंद करना, सरपंचों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की पुनः जांच कराना शामिल है।

सरपंचों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को और उग्र रूप देंगे। उनका कहना है कि सरकार को ग्रामीण विकास की उपेक्षा अब महंगी पड़ सकती है। आवेदन देने के दौरान दर्जनों सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तालाब का पानी खाली नहीं होने से डूब गए किसानों के खेत

छतरपुर। ग्राम खौप के आसपास के खेतों में इस समय बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। तालाब का ओना न खुलने के कारण खेतों में लगभग एक किलोमीटर तक पानी भरा हुआ है, जिससे करीब 70 से 80 किसानों के खेत पूरी तरह डूब गए हैं। खेतों में इस कदर पानी भरा है कि ग्रामीणों को नाव चलाकर आना-जाना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से तुरंत तालाब का ओना खोलने की मांग की है ताकि खेतों से पानी निकल सके और वे बुवाई कर सकें।



ग्रामीण भूपेंद्र ने बताया कि खेतों में तालाब का पानी भरा हुआ है। अगर 10 से 15 दिनों में पानी खाली नहीं किया गया तो किसान भुखमरी की स्थिति में पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि तालाब का ओना खोलने से ही राहत मिल सकती है। किसान भुग्गा यादव ने बताया कि उनकी तीन एकड़ जमीन पूरी तरह डूब चुकी है। पटवारी कुछ भी लिख नहीं रहा है, परिवार परेशान है। प्रशासन से हमारी मांग है कि खेतों से पानी खाली कराया जाए। वहीं रामस्वरूप ने कहा कि हर साल फसल बुवाई होती थी लेकिन इस बार पानी अधिक बरसने और निकासी न होने के कारण खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने प्रशासन से तालाब का ओना नीचे कराने की मांग की है ताकि पानी निकले और किसान समय पर बुवाई कर सकें। इस मौके पर भूपेन्द्र प्रताप सिंह, भुग्गा यादव, रामस्वरूप शिवहरे, करोड़ी कुशवाहा, रघुनाथ सिंह, प्यारेलाल कुशवाहा, परशु कुशवाहा एवं हरेन्द्र राजा मौजूद रहे।

### दो झूलों की बोगियां आपस में टकराईं



**छतरपुर।** मेला जलविहार में बीती रात एक बड़ा हादसा भी टला। दरअसल मेले में लगाए गए दो झूलों की बोगियां आपस में टकरा गईं। गनीमत रही कि जो बोगी टकराई उसमें कोई कोई सवार नहीं था, अन्यथा गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर पालिका द्वारा झूलों को आपस में अत्यधिक नजदीक लगाया गया है, जिससे झूलों के बीच पर्याप्त दूरी नहीं रह गई थी। इतना ही नहीं, झूलों के बीच से दर्शकों के चलने के लिए भी पाँच फीट का रास्ता तक नहीं छोड़ा गया था। इसी लापरवाही के चलते झूलों की बोगियां आपस में भिड़ गईं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों झूलों के बीच की दूरी बढ़ाने के निर्देश दिए।

# मेला जलबिहार के मंच पर वैशाली ने मचाई धूम

### सातवें दिन हुआ संगीत निशा आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम

**छतरपुर।** नगर पालिका छतरपुर द्वारा आयोजित स्वच्छता की थीम पर आयोजित किए जा रहे मेला जलबिहार-2025 के सातवें दिन की संध्या पर मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया, नपा उपाध्यक्ष विकेंद्र वाजपेयी, पार्षदगण सहित अनेक जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



भोपाल की सुप्रसिद्ध गायिका वैशाली रैकवार ने अपने सुरीले स्वर और मंचीय ऊर्जा से ऐसा समां बांधा कि पूरा प्रांगण तालियों से गूंज उठा। उन्होंने बुंदेलखंडी, हिंदी और फिल्मी गीतों का दिल्ली से आए संगीत निशा आर्केस्ट्रा ग्रुप सहित अन्य ग्रुप ने अपने ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन और रंगीन लाइट शो से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनके बॉलीवुड और लोकनृत्य आधारित परफॉर्मेंस ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। उन्होंने सत्यम शुभम सुन्दरम जैसे गीतों से समा बाँध दिया। उनके हर गीत पर तालियों की गडग़ड़ाहट गूंज उठी। मंच पर प्रस्तुतियों की झड़ी लगी रही और दर्शक झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि मेला जलबिहार सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्वच्छता और जनजागरूकता का संदेश देने वाला महोत्सव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें और इसके विकल्प के रूप में कपड़े या पेपर बैग अपनाएँ। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि मेला परिसर में लगे आधुनिक झूले, बच्चों के मनोरंजन स्टॉल, मीना बाजार, बाम्बे विकास प्रदर्शनी, चौपाटी, पायल की झंकार, कलकत्ता की मिठाइयाँ, मथुरा के पेड़े, ग्वालियर की गजक और पारंपरिक बुंदेली व्यंजन आगंतुकों को आकर्षित कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर के नागरिकों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। पूरा मेला प्रांगण रोशनी, संगीत और उत्साह से सराबोर रहा। लोग देर रात तक कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे।मेला जलविहार में आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में एक दिन पहले लोक नृत्य राई का आयोजन किया गया था, इसी दौरान कुछ युवाओं ने जमकर उत्पात मचाया। यह युवा राई नृत्य के दौरान थिरकते हुए बैठक व्यवस्था के लिए डलवाई गई कुर्सियों को तोड़ रहे थे और एक-दूसरे पर फेक रहे थे। युवाओं द्वारा जब यह उत्पात मचाया जा रहा था तभी कुछ लोगों ने उनकी इस हरकत को कैमरे में कैद करके सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नैगुवां में अतिक्रमण हटाने की मुहिम सरपंच को पड़ी भारी

**अतिक्रमणकारियों ने सरपंच पति पर दर्ज कराया छेड़छाड़ का मामला**



### सरपंच संघ ने एसपी को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के सटई थाना क्षेत्र के ग्राम नेगुंवा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सरपंच के लिए मुश्किलों का कारण बन गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नेगुंवा की सरपंच राम सिया दुबे द्वारा पंचायत भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि को चिन्हित किया गया था। इसी जमीन पर गांव के ही हब्बू खान, कल्लू खान, प्यार खान, भानु खान, सोनू खान और छोटे खान द्वारा अतिक्रमण किया गया था। सरपंच द्वारा अतिक्रमण की शिकायत थाने में करने के बाद विवाद गहराता चला गया। इसी बीच प्यार खान ने अपनी पत्नी से सरपंच पति राम लखन दुबे के खिलाफ महिला थाना छतरपुर में छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी।इस कार्रवाई के विरोध में गुरूवार को जिला सरपंच संघ के पदाधिकारी और सरपंच बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कौशिक ने कहा कि सरपंचों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में लगातार असामाजिक तत्वों का विरोध झेलना पड़ रहा है। नेगुंवा की घटना इसका ताजा उदाहरण है। एसपी को सौंपे गए आवेदन में सरपंच संघ ने तीन प्रमुख मांगें रखीं जिनमें छेड़छाड़ के मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। गांव में अवैध शराब की बिक्री और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगे। इस पर पुलिस अधीक्षक ने 10 दिन में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# गलत इलाज से 20 दिन के नवजात की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाए आरोप

**छतरपुर।** गुरुवार दोपहर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 20 दिन के नवजात शिशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत गलत इलाज के कारण हुई है। इस घटना से परिजनों में आक्रोश का माहौल है।लखरावन गांव निवासी भारत अहिरवार ने बताया कि उसके भतीजे को दो दिन से बुखार और हल्का जुखाम था। गुरुवार सुबह उसकी भाभी शिवकुमारी नवजात को इलाज के लिए कोटा में एक बंगाली डॉक्टर के पास लेकर गई थीं। डॉक्टर ने कुछ दवाएं दीं, लेकिन दवा देने के कुछ ही समय बाद बच्चे की हालत अचानक बिगडने लगी। घबराए परिजन बच्चे को बाइक से कोटा के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने इलाज से मना कर दिया। इसके बाद बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. अभय सिंह ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों का आरोप है कि बंगाली डॉक्टर ने गलत दवा दी, जिसके चलते नवजात की मौत हो गई। वहीं जिला अस्पताल के डॉ. अभय सिंह ने बताया कि बच्चा बेहद गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इस मामले में सीएमएचओ आर.पी. गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





## खबर संक्षेप

### परंपरागत माटी शिल्पियों को बाजार में उचित स्थान उपलब्ध करायें - कलेक्टर

**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के परंपरागत माटी शिल्पियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बाजार, हाट बाजार व अन्य स्थानों में उचित स्थल उपलब्ध कराते हुए इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली न करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि दीपावली एवं अन्य त्योहारों में मिट्टी से बने खिलौनों, मूर्तियों, दीपक सहित अन्य उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा माटी शिल्पियों को बाजार, हाट में सामग्री विक्रय के लिये उचित स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिले के निवासियों से अपेक्षा की है कि स्वदेशी व मिट्टी से बने उत्पाद खरीदें क्योंकि उनके जीवन यापन का यह मुख्य आधार है और उनकी कला को प्रोत्साहन भी मिलता है।

### पैकिंग व अवसान तिथि अंकित नहीं होने से मिठाईयों के विक्रय पर रोक

**कटनी**। दीपावली त्योहार के दृष्टिगत मिठाई की दुकानों में साफ-स्वच्छ गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां, नमकीन एवं अन्य खाद्य सामग्री का निर्माण, विक्रय सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तहसीलदार आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में सुभाष चौक स्थित खोवा मंडी की दुकानों का निरीक्षण किया। जांच टीम द्वारा दुकान पर विक्रय हो रहे खोवा की प्रारंभिक जांच खोवा सही पाया गया। किंतु दुकान में रखे मिल्क केक एवं दूध बर्फी में मिलावट की आशंका होने पर नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही मिठाई के लगभग 50 डिब्बों में पैकिंग डेट एक्सपायरी डेट अंकित नहीं होने पर उक्त मिठाइयों के विक्रय पर रिपोर्ट आने तक रोक लगाया गया है। इसी प्रकार खोवा भंडार की दुकान में विक्रय हो रहे डोडा बर्फी, मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं डिब्बों में लेबल घोषणा नहीं होने पर लगभग 70 मिठाई के डिब्बों को रिपोर्ट प्राप्त होने तक विक्रय पर रोक लगाया गया है। इसके अलावा विजयराघवगढ़ तहसीलदार के नेतृत्व में क्षेत्र की मिठाई दुकानों खोवा एवं पेड़ा, शिवाय स्वीट से सोनपापड़ी एवं नमकीन के सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिये गये।

### जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

**कटनी**। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जलजीवन मिशन के तहत पवई समूह जलप्रदाय योजना के संचालन और रीठी क्षेत्र में इसके कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए देवगांव एवं उमरिया ग्राम में पहुचंकर मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने ग्राम देवगांव में पवई समूह जलप्रदाय योजना की क्लियर वाटर पंपिंग मेन 700 मि.मी. व्यास की पाइपलाइन की लेइंग का कार्य देखा और उन्होंने पूरी प्रक्रिया के बारे में मौके पर मौजूद महाप्रबंधक शिवम सिन्हा से जानकारी ली। कलेक्टर ने डिजाइन ड्राइंग का अवलोकन किया और कार्य की प्रगति में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की हिदायत दिया। कलेक्टर ने ग्राम उमरिया में घरेलू नलजल कनेक्शन के बारे में भी यहां के गांव के घरों के अंदर पहुंच कर किये गये नलजल कनेक्शन का निरीक्षण किया ।

## कठिनाईयों का बहादुरी से सामना करने वाले सदैव सफल होते हैं - कलेक्टर

**कलेक्टर से दीवाली का उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे**





**रीवा** । कोविड महामारी के प्रकोप से कई बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया। रीवा जिले में कोविड से बेसहारा हुए 282 बच्चों को प्रधानमंत्री केयर तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से हर माह पाँच हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में 5 पीड़ति बच्चों से भेंट कर उन्हें दीपावली का उपहार दिया। कलेक्टर के आशीर्वाद और उपहार से बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों से संवाद करते हुए कलेक्टर श्रीमती पाल ने कहा कि आप सबने बड़ी बहादुरी से जीवन के कठिन समय का सामना किया है। कठिनाईयों का बहादुरी से सामना करने वाले सदैव सफल होते हैं। आप सब पूरी मेहनत से अपनी शिक्षा पूरी करके अपने सपनों को साकार करें। पीएम केयर फण्ड से मिलने वाली राशि से स्टार्टअप और स्वरोजगार की गतिविधि संचालित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। हर माह मिलने वाली चार हजार रुपए की राशि का भी सदुपयोग करें। बहादुर व्यक्तियों की मदद भगवान भी करते हैं। आप सब का भविष्य उज्ज्वल रहे। आप सब पूरे उल्लास और उमंग के साथ दीपावली का त्यौहार मनाएं। शिक्षा और कॅरियर में किसी भी तरह की सहायता और मार्गदर्शन के लिए आप हम सबके पास कभी भी आ सकते हैं। कलेक्टर ने प्रत्येक बच्चे से उनकी शिक्षा व्यवस्था और परिवार के संबंध में जानकारी ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से अनुज शुक्ला, प्रियांशी शुक्ला तथा वैष्णवी मालवीय को हर माह सहायता राशि दी जा रही है। पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन स्कीम से अक्षय द्विवेदी तथा रिया मिश्रा को सहायता राशि दी जा रही है। इन्हें 18 वर्ष की आयु होने तक पाँच हजार रुपए हर माह मिलेंगे। जिले में 282 बच्चों को सितम्बर माह तक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी इन बच्चों तथा इनके अभिभावकों से हर माह संपर्क करके जानकारी लेते हैं।

## फाइल रखरखाव में लापरवाही: बाबू निलंबित, नगर निगम आयुक्त ने कार्यालय का औचक निरीक्षण किया



**रीवा** । नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बुधवार को निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त ने कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड व्यवस्थापन और कार्यालय की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आई, जिन पर आयुक्त ने आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जोन 2 निर्माण शाखा में कार्यरत बाबू जयनारायण द्विवेदी को फाइलों के रखरखाव में लापरवाही और कक्ष की साफ-सफाई में लचर व्यवस्था के चलते निलंबित करने का निर्देश दिया। उक्त बाबू अपनी गलती के बावजूद कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहा था। साथ ही विधि शाखा में पदस्थ बाबू सुरेन्द्र सिंह गहरवार निरीक्षण के समय नदारद पाए गए, जिनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। सूचना का अधिकार शाखा में पदस्य भृत्य चंद्रमणि कोल को देबर में साफ-सफाई न रखने और कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण निलंबन की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जोन 2 राजस्व शाखा में निरीक्षण के दौरान नोटशीट और फाइलों की अनावश्यक देरी से कार्रवाई पर आयुक्त ने सहायक राजस्व अधिकारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। वहीं, कार्यालय में अव्यवस्थित रिकॉर्ड और खराब सफाई व्यवस्था को देखते हुए कार्यालय अधीक्षक की एक वेतनवृद्धि भी रोकी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी अनावश्यक रिकॉर्ड को चिहिनत कर नियमानुसार नष्ट करने की की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही विभाग प्रमुखों को आदेश दिया गया कि दो दिन के भीतर अपने-अपने कक्षों की सफाई करें। निरीक्षण में बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए पांच कर्मचारियों को अवैतनिक करते हुए उनकी एक वेतनवृद्धि रोकने के भी निर्देश जारी किए गए

## वसूली राशि जमा नहीं करने पर वारंट जारी

रीवा । पंचायती राज अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में तत्कालीन सरपंच व सचिवों द्वारा स्वीकृत राशि से निर्माण कार्य नहीं कराया गया था। विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधितों को तत्संबंध में सूचना पत्र दिया गया था। सूचना पत्र के उपरांत राशि न जमा करने पर संबंधित सरपंचों व सचिवों के विरूद्ध वरंट जारी किया गया है। विहित प्राधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत बुढ़यिा ग्राम के पूर्व सरपंच श्रीमती उमा सिंह एवं पूर्व सचिव लवकुश कुमार शर्मा को पीसीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य की राशि एक लाख 42 हजार 175 रूपये का अपभक्षण करने पर वारंट जारी किया है। जबकि जनपद गंगेव अन्तर्गत पूर्व सरपंच समयलाल साकेत एवं पूर्व सचिव भैयालाल पाण्डेय को पंचायत भवन एवं आंगनवाड़ी भवन निर्माण की राशि 4 लाख 22 हजार 103 रूपये का अपभक्षण करने पर, रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत पुरवा के पूर्व सरपंच श्रीमती सुधा सोनी एवं पूर्व सचिव आशोक सिंह द्वारा नाली, हैण्डपंप के पास सोकपिट, पुलिया, पीसीसी सड़क व नाडेप की राशि 9 लाख 7830 रूपये (रूपये एक लाख 30 हजार रूपये जमा) का अपभक्षण पर वारंट जारी किया गया। इसी प्रकार सिरमौर जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिहिया के पूर्व सरपंच सुरेश कुमार वर्मा व पूर्व सचिव कमलेश सिंह द्वारा माध्यमिक शाला भवन के लिए स्वीकृत राशि 2 लाख 43 हजार 873 रूपये के अपभक्षण पर वारंट जारी कर थाना प्रभारी को तामील कराते हुए सेन्ट्रल जेल में सुपुर्दगी उपरांत अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं। जबकि रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत जोगिनहाई के पूर्व सरपंच औसेरी कोल एवं पूर्व सचिव धीरेन्द्र सिंह द्वारा वसूली राशि नही जमा किये जाने पर वारंट जारी कर सेन्ट्रल जेल में सुपुर्दगी के निर्देश दिये गये हैं।

## सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

रीवा ।



ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बनकुइयाँ, शाहपुर, सेमरिया और मनकहरी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पुलिस विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से आयोजित इन खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने कबड्डी, वालीबाल और खो-खो में अपनी प्रतिभाएं दिखाईं। ग्रामीण क्षेत्र के परंपरागत खेल भी इनमें खेले जा रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में गेंद गिप्पी और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, मनीष शुक्ला, तथागत मिश्रा, कबीर मिश्रा, शेषमणि पाण्डेय, दीपक सिंह, अरुणेंद्र त्रिपाठी, उत्कर्ष पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी, खेल प्रेमी तथा आमजन उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में 1567 युवाओं को मिला रोजगार

रीवा



युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में शासकीय टीआरएस कॉलेज रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 2205 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 40 कंपनियों ने 1567 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में याजाकी इंडिया लि. हरियाणा में 66, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान में 152, एनजीएम पीजी भिवाड़ी राजस्थान में 69, एमआरएफ दहज में 64, टाटा आटोकार्प पैन्स ग्रुप लि. अहमदाबाद में 7, प्रिज्म सीमेन्ट लि. सतना में 7, अपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात में 11, बीजी इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इलेक्ट्रालिक्स इंडिया लि. वालुज में 10, औरंगाबाद ऑटो एंसिलरी प्रा. लि. वालुज में 13, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे में 18, एनईसीओ कंपनी नागपुर में 58, अग्रोफैब मशीनरीज नागपुर में 8, हायर अप्लीएन्सेस पुणे में 3, फ्लैट ऑटोमोबाइल नागपुर में 44, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान में 43, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 79, फार्मा कम्पनी गुजरात में 27, जय भारत मारूती हरियाणा में 19, जिंदल पाइप्स गाजियाबाद उ.प्र. में 38 तथा विनप्रेज इन्फा मीडिया प्रा.लि. मैहर में 16 युवाओं को रोजगार के अवसर मिले। रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर में 32, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इन्दौर में 25, लार्सन एण्ड टुब्रो अहमदाबाद गुजरात में 30, बजाज मोटर लिमि. औरंगाबाद में 23, मुद्रा सोलर प्रा लि. (अडानी सोलर) कच्छ गुजरात में 27, सिटी कार प्रा.लि. सतना में 15, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा में 28, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा में 54, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 28, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. भोपाल में 23, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना में 30, बजाज अलियाज प्रा.लि. रीवा में 128, ऑल इनवन सर्विसेस रीवा में 2, कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा.लि. (सीएससी) इंदौर में 65, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में 15, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 87, अनुसुइया पुरातत्व सेवा प्रा.लि रीवा में 38, भारत फाइनेंस में 45, एक्सिस बैंक में 74 तथा ब्रौक्स इंडिया लिमिटेड में 13 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय टीआरएस कॉलेज, एकेएस यूनिवर्सिटी सतना, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, आईटीआई, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा, तेरहवें अपर सत्र न्यायालय ने दिया फैसला



**रीवा** । हत्या के आरोपियों को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा न करने पर उनको अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष के मुताविक गुढ़ थाने के गुढ़वा गांव में अभिताभ कोल (24) पर आरोपियों ने 3 मई 2023 को कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी रामली कोल पिता छोरे कोल और बुद्धसेन कोल पिता जयकरण कोल निवासी गढ़वा को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय ने मामले की जांच की और आरोपियों के खिलाफ भौतिक साक्ष्य जुटाए। जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। तेरहवें अपर सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार शुक्ला के न्यायालय में सुनवाई हुई। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नीलग्रीव पांडेय ने की। न्यायालय में अभियोजन पक्ष ने 12 साक्षियों के बयान कराए और 29 दस्तावेज प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपियों को दोषी माना और उन्हें सश्रम आजीवन कारावास सुनाई और दो-दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया।उक्त प्रकरण के फैसले में न्यायालय ने पीड़ित परिवार को प्रतिकर राशि दिलाने के आदेश दिए हैं। यह 24 वर्ष का युवा था और उसकी मौत से परिवार को काफी कष्ट हुआ है। ऐसी स्थिति में पीड़ित परिवार को मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के तहत प्रतिकर राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

## 7 वाहनों पर कार्रवाई, 40 हजार रूपए वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध व अनियमित परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष पॉल के नेतृत्व में तीसरे दिन भी कटनी-मैहर रोड पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले सात वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 40,000 का जुर्माना वसूला गया, जबकि तीन वाहन जप्त कर थाना कुठियाला में खड़े किए गए हैं।जांच के दौरान अलग-अलग प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। यूपी पासिंग वाहन UP 21 CT 9886 एवं MP 34 H 0990 में निर्धारित ऊंचाई से अधिक माल लोड पाए जाने पर 6,000 का जुर्माना लगाया गया। वाहन MP 21 ZB 1012 में फिटनेस प्रमाण पत्र एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (PUC) नहीं होने के कारण 8,000 की वसूली की गई। इसी प्रकार, वाहन MP 17 G 2245 में PUC नहीं होने पर 5,000, जबकि MP 21 G 2880 में बीमा, फिटनेस और PUC तीनों दस्तावेज नहीं होने के चलते 13,000 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, वाहन MP 21 G 1513 में भी PUC के अभाव में 5,000 की कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन MP 20 LB 3927 में फिटनेस न होने पर 3,000 का जुर्माना लगाया गया।

परिवहन विभाग द्वारा यह जांच अभियान जिले में सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और वैध परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सघन जांच अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी संतोष पॉल ने वाहन चालकों और स्वामियों से अपील की है कि वे समय-समय पर अपने वाहनों के दस्तावेज जैसे बीमा, फिटनेस, और PUC को अपडेट रखें और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही परिवहन करें, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

## राष्ट्रीय पोषण माह अन्तर्गत कार्यशाला संपन्न

रीवा।



आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर संभागीय कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्रीमती शशिश्याम उइके के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संभाग के विभिन्न जिलों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमती उइके ने पोषण माह के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षाएँ साझा कीं। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और उनसे पोषण अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यशाला में पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिसमें विशेषज्ञों ने पोषण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जो पोषण के संदेश को मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत करने का एक माध्यम बने। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण/व् यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में पोषण से भरपूर विभिन्न व्यंजन प्रस्तुत किए गए। व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। यह प्रतियोगिता न केवल पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास था, बल्कि यह महिलाओं के कौशल और कड़ी मेहनत को भी उजागर करने का अवसर था। इस दौरान कोविड-19 के बाल आशीर्वाद योजना के लाभार्थियों का सम्मान किया गया। संभाग के नवाचार स्नेह आशीष अभियान के अंतर्गत गर्भवती माताओं को इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी जागरूकता देना और उन्हें सही आहार और देखभाल के लिए प्रेरित करना था। यह पहल माताओं और बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यशाला में नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी, आशीष द्विवेदी सहायक संचालक, राजीव सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी, सतना सहित समस्त पर्यवेक्षक, पोषण अभियान जिला समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक उपस्थित रहे।

## अस्पताल से गंदे पानी की निकासी के लिए होगा नाली का निर्माण

उमरियापान।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। कुपोषित बच्चों की माताओं से उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने जनरल वार्ड, नेत्र परीक्षण कक्ष,उमंग स्वास्थ्य केंद्र, लैब, एक्सरे कक्ष,कम्प्यूटर कक्ष सहित अस्पताल परिसर का जायजा लिया। मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने बीएमओ डा. बीके प्रसाद को निर्देशित किया। इस मौके पर जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक ने कलेक्टर को बताया कि अस्पताल की बाउंड्री के ऊपर ग्रामीणों द्वारा पक्का निर्माण कर अस्पताल में पानी की निकासी करने से अस्पताल परिसर में गंदगी होती है। मरीजों को परेशानी होती है। जिस पर कलेक्टर ने पानी की निकासी के लिए व्यवस्थित नाली का निर्माण कर मुख्य नाली से जोड़ने के निर्देश कार्यपालन यंत्री जेसी खटीक और जनपद सीईओ यजुर्वेद कोरी को निर्देशित किया।इस मौके पर एसडीएम निधि गोहल,सीएमएचओ डा. राजसिंह ठाकुर,सरपंच अटल ब्यौहार,नायाब तहसीलदार साक्षी शुक्ला सहित अन्य की मौजूदगी रही। इसके अलावा बम्हनी के शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहुँचकर कलेक्टर ने बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातचीत की।

